Hindustan-New Delhi-27-04-2011

डीटीयू में पार्ट-टाइम बीटेक के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने बीटेक के पार्ट-टाइम प्रोग्राम के लिए दाखिले की घोषणा कर दी है। इस कोर्स के लिए सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक व कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में कुल मिलाकर 147 सीटें दी जा रही हैं। यह कोर्स पार्ट-टाइम है लेकिन इसकी अवधि चार साल है। इसकी कक्षाएं सप्ताह में छः दिन लगाई जाएंगी। वहीं यह कक्षा प्रतिदिन मात्र तीन घंटे की ही होगी।

इस प्रोग्राम को खासकर उन छात्रों के लिए बनाया गया है जो दिल्ली में काम करते हैं। इसके अलावा डिप्लोमा इंजीनियर भी यह कोर्स कर सकते हैं। इसका समय भी शाम का है जिससे उन्हें काम करने में दिक्कत न हो।

दाखिले के लिए परीक्षा देनी होगी, जो विश्वविद्यालय द्वारा 26 जून 2011 को आयोजित की जाएगी। इससे संबंधित सूचना बुलेटिन सोमवार से शनिवार तक दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक लिया जा सकता है। यह बुलेटिन केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ड्राफ्ट के जरिए ही मिलेगा। इसकी कीमत एक हजार रुपये रखी गई है। यह पोस्टल आर्डर से भी मंगवाया जा सकता है। सूचना बुलेटिन को खरीदने और जमा कराने की अंतिम तिथि 23 मई 2011 है।

यहां से मिलेगा सूचना बुलेटिन

इस बार भी सूचना बुलेटिन व फार्म डीटीयू के कैंपस में मिलेगा। लेकिन अब यह पिछले साल तक निर्धारित जगह से न मिलकर बीटेक दफ्तर (इवनिंग), प्रथम तल, एफ ड ब्लू 1-एफ एफ 1, इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग विभाग से मिलेगा।